रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33001/99

REGISTERED NO. DL-33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 3, 1999 (चैत्र 13, 1921)

No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 3, 1999 (CHAITRA 13, 1921)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं .	341
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं . . .	235
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं .	387
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	331
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . . .	349
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	1079
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . . .	417
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 341

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 235

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 5

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 387

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative tests in Hindi Languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 2—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 of Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . 331

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 349

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . —

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1079

PART IV—Advertisements and Notices issued by private Individuals and private Bodies . 417

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi *

*Forms not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सांविधिक नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति का सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी, 1999

सं० 49-प्रेज/99—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को अनुकरणीय वीरतापूर्ण कार्यों के लिए कीर्ति चक्र प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. 3988401 सिपाही संजीव सिंह, 18 डोगरा (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 7 फरवरी, 1998)

जम्मू एवं कश्मीर में गांव चामरेर (सूरनकोट सैक्टर) के क्षेत्र में सिपाही संजीव सिंह ने 7 फरवरी से 9 फरवरी, 1998 की एक संक्रिया में भाग लिया । सिपाही संजीव सिंह संक्रिया के दौरान दस्ते का स्काउट था ।

जब वे घने जंगल के पास पहुंचे तो आतंकवादियों ने गोलीबारी करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया । अत्यधिक खून बहने और स्वचालित हथियारों की प्रचंड गोलाबारी के बावजूद सिपाही संजीव सिंह रेंगते हुए एक ऐसे स्थान पर पहुंचे जहां से वह अपनी प्लाटून की तैनाती में सहायता के लिए प्रभावकारी गोलाबारी कर सकते थे ।

अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह तेजी से आगे बढ़े और उस आतंकवादी पर टूट पड़े जो लगातार उनकी प्लाटून पर गोलीबारी कर रहा था और आमने-सामने की भिड़न्त में आतंकवादी को मार गिराया ।

सिपाही संजीव सिंह ने आतंकवादी गोलाबारूद का सामना करते हुए अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय दिया । वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी आतंकवादियों से लगातार भिड़े रहे और इस प्रकार अपनी प्लाटून में सैनिकों को हताहत होने से बचाया । कार्रवाई स्थल से हटाए जाते समय 27 फरवरी, 1998 को उनकी मृत्यु हो गई । चूंकि उनकी रीढ़ की हड्डी में फंसी एक गोली को निकाला नहीं जा सका था ।

सिपाही संजीव सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, अतुलनीय वृढ़ता, कर्तव्य से बढ़कर कार्य के प्रति निष्ठा और आत्म बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

2. 2589180 नायक जी० वरगीस के० डी०, 14 असम रेजिमेन्ट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 मार्च, 1998)

26 मार्च, 1998 को प्रातः 9.40 बजे खुफिया विभाग की इस विशिष्ट सूचना के आधार पर कि असम के कोकराझाड़ जिले में पाकीहागा गांव में कार्रवाई ग्रुप के कुछ विद्रोही छिपे हुए हैं इस ठिकाने पर एक त्वरित कार्रवाई दल भेजा गया था । नायक जी० वरगीस के० डी० इस त्वरित कार्रवाई दल के एक सदस्य थे ।

छिपे हुए स्थान पर दल के सदस्यों के पहुंचने का पता लगते ही पांच आतंकवादी भागने लगे । नायक जी० वरगीस के० डी० दल के दो अन्य सदस्यों के साथ दो आतंकवादियों पर झपटे जो आड़ लेते हुए दल के सदस्यों पर गोलीबारी कर रहे थे । जब वह आतंकवादियों के नजदीक पहुंच रहे थे नायक जी वरगीस के० डी० की बाईं जांघ पर एक गोली लगी ।

घायल होने और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए नायक जी० वरगीस के० डी० ने अतुलनीय वीरता और साहस का परिचय देते हुए, तीन मीटर तक रेंगते हुए एक आतंकवादी के पास पहुंच कर उसे सिर में गोली मारकर घटना स्थल पर ही मार गिराया । अचेतन होने तक वह कार्य को पूरा करने के लिए लगातार अपने दल के सदस्यों को प्रोत्साहित करते रहे ।

पूरी संक्रिया के दौरान नायक जी० वरगीस के० डी० गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी अपने दल के सदस्यों को प्रोत्साहित करते रहे जिसके परिणामस्वरूप पांच दुर्दान्त आतंकवादी मारे गए और उनसे दस मैगजीन और 246 जिन्दा गोलियों सहित चार ए० के०-56 राइफलें बरामद की गईं । नायक जी० वरगीस के० डी० की 26 मार्च, 1998 को सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय, चोटों के कारण मृत्यु हो गई ।

नायक जी० वरगीस के० डी० ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए बहादुरी, साहस और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

3. 13613888 हवलदार बद्री लाल चुनावत,
10 पैरा (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अक्तूबर, 1998)

हवलदार बद्री लाल चुनावत जम्मू और कश्मीर में कुपवाडा जिले के नागरादनार गांव में बहुप्रयोजन घात टुकड़ी के दस्ते को नेतृत्व प्रदान कर रहे थे ।

16 अक्तूबर, 1998 को 7 बजे सायं यह घात टुकड़ियां तैनाती के बाद अपने पूर्व निश्चित स्थल की तरफ जा रहे थे । 7.30 बजे हवलदार बद्री लाल चुनावत ने देखा कि अंधेरे में चार आदमी उनकी तरफ बढ़ रहे हैं । उन्होंने उन्हें अपने कमांडर के दल का सदस्य समझकर उन्हें आगे आने दिया परन्तु वे व्यक्ति वास्तव में आतंकवादी थे । अंधेरी रात होने के कारण आतंकवादियों ने भी भ्रमवश रुके हुए दल को आतंकवादी समझा और उनकी ओर बढ़े । पहले आतंकवादी ने "असलाम वालेकुम" कहते हुए हवलदार बद्रीलाल चुनावत का अभिवादन करते हुए हाथ मिलाना चाहा ।

गलती महसूस करते हुए, उस क्षण उन्होंने आतंकवादी को धक्का देकर उस पर गोली चला दी । आगे वाले आतंकवादियों ने जवाबी गोलीबारी करके उनकी बाईं बाजू में गंभीर घाव कर दिया । गोली के घाव से लगातार खून बहने के बावजूद उन्होंने दाईं बाजू का प्रयोग करते हुए स्वचालित हथियार से गोलीबारी की और दो भागते हुए आतंकवादियों को घायल कर दिया । उसके बाद वह रेंगते हुए निडरता से आगे बढ़े और हथगोले फेंककर उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे अंततः उनकी मृत्यु हो गई । अधिक खून बहने और थकान के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़े ।

हवलदार बद्रीलाल चुनावत ने असाधारण साहस, सहयोगी भावना और कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा का परिचय दिया ।

अरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 50-प्रेज/99—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को दुश्मन का सामना करते हुए वीरता दिखाने के लिए वीर चक्र प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं ।

कैप्टन सुमन दासगुप्ता (आई०सी०-54084)
15 असम रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 जून, 1998)

कैप्टन सुमन दासगुप्ता 10 मई, 1998 से सियाचीन ग्लेसियर में एक चौकी के प्रभारी थे ।

6 जून, 1998 को 7.30 बजे सायं वह एक अन्य सैनिक के साथ सतरी बंकर में थे । उन्होंने अपनी चौकी से 1500 मीटर की दूरी पर कुछ हलचल महसूस की । दुश्मन सैनिक संदेहजनक ढंग से वास्तविक भू रेखा स्थिति की तरफ बढ़ रहे थे । उन्होंने मीडियम मशीनगन से गोलीबारी करते हुए दो दुश्मनों को भूमि पर मार गिराया । जवाब में दुश्मन ने 80 मि० मी० मोर्टार से गोलीबारी शुरु कर दी और लगभग 150 चक्र गोलियां चलाईं ।

भारी गोलीबारी के बावजूद अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वह दुश्मन की किसी भी हरकत को रोकने के लिए वह दुश्मन की चौकी पर गोलीबारी करते रहे । इस प्रक्रिया में उन्हें सतरी बंकर के छेद से मोर्टार छर्रा लगा और वह घायल होकर घटना स्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए ।

कैप्टन सुमन दासगुप्ता ने दुश्मन की निरंतर गोलीबारी के सामने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए साहस तथा निःस्वार्थ सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है ।

अरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 51-प्रेज/99—राष्ट्रपति, महोदय निम्न व्यक्तियों को वीरतापूर्ण कार्य के लिए शौर्य चक्र प्रदान करने की अनुमति प्रदान करते है :—

1. श्री बोरज डे, कलकत्ता, प० बंगाल
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 15 मई, 1997)

दिनांक 15-5-1997 को लगभग 6.00 बजे सायं तीन बदमाश डकैती के इरादे से 71, गणेश च० एवेन्यू पर "मोनिका ट्रेवल्स" नामक ट्रैवलिंग एजेन्सी के कार्यालय में घुस गए । प्रतिरोध होने पर उन्होंने भागने की कोशिश की परन्तु "चोर-चोर" 'पकड़ो-पकड़ो' की आवाज सुनने पर श्री बोरज डे ने इन बदमाशों का साइकिल पर पीछा किया और आखिर एक बदमाश को उन्होंने गोकुल स्ट्रीट पर पकड़ ही लिया । इसी बीच बदमाश के दूसरे साथी ने बंदूक से बोरज डे पर गोली चला दी जिसने उनकी पीठ से घुसकर दिल को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । वे तुरन्त गिर पड़े और उनके भाई तथा दूसरे चश्मदीद गवाह द्वारा उन्हें तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया । उनका आपरेशन किया गया परन्तु 10.30 बजे रात्रि में उनकी मृत्यु हो गई । इस घटना के बाद बदमाश अलग-अलग दिशाओं में भाग गए परन्तु इनमें से

एक को लोगों ने पकड़ लिया और उसे बाद में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ।

इस प्रकार श्री बीरज डे ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर डकैती के प्रयास को असफल कर दिया ।

2. 4064683 लांस नायक राम सिंह,
18 गढ़वाल राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 जून, 1997)

लांस नायक राम सिंह को दिनांक 25 जून, 1997 को उत्तरी सैक्टर में नियंत्रण रेखा पर स्थित पांथी स्पर में एम्बुश दल में भेजा गया था । इस एम्बुश दल का सामना सीमा पर करने की कोशिश कर रहे अत्यंत भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों से हो गया । गोलीबारी के आदान-प्रदान के दौरान कुछ उग्रवादी बचने के लिए नियंत्रण रेखा पर पांथी स्पर की ओर भाग गए ।

घमासान गोलीबारी का शोर सुनकर लांस नायक राम सिंह उग्रवादियों की ओर दौड़े और नजदीक से उन पर कारगर गोलीबारी करके उनका भाग निकलने का रास्ता बंद कर दिया यदि लांस नायक राम सिंह ने तुरन्त कार्रवाई न की होती तो उग्रवादी आराम से गहरी झाड़ियों का सहारा लेकर नियंत्रण रेखा पार करके बच निकलते । उग्रवादियों ने लांस नायक राम सिंह पर भारी जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी और लांस नायक राम सिंह को सिर उठाने का अवसर न देकर भागने का प्रयास किया । दुर्भाग्य से जैसे ही लांस नायक राम सिंह उग्रवादियों के करीब पहुंचे उनकी गोलियां खत्म हो गई ।

उन्होंने अपनी खुखरी निकाली और एक उग्रवादी पर टूट पड़े । इस तीव्र आक्रमण से उग्रवादी हतप्रभ रह गया । लांस नायक राम सिंह की खुखरी ने उग्रवादी का पेट फाड़ डाला और उसकी तुरन्त मृत्यु हो गई । लांस नायक राम सिंह द्वारा दिखाया गया यह बिरला और दुस्साहसिक कार्य भारतीय सेना के इतिहास में असाधारण है जिससे इस अभियान की बड़ी सफलता में बहुत सहयोग मिला, जिसमें छह भाड़े के उग्रवादी मारे गए और भारी मात्रा में शस्त्र, गोलीबारुद तथा औजार बरामद हुए ।

लांस नायक रामसिंह ने इस प्रकार अपने कर्त्तव्यों से कहीं बढ़कर शौर्य का प्रदर्शन किया ।

3. 14367197 सिपाही सुखबीर सिंह, जनरल ड्यूटी
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख, 18 अगस्त, 1997)

श्री सुखबीर सिंह 5 अप्रैल, 1997 से वायु सेना की सी० ए० सी० (यू) मुख्यालय में संबद्ध 914 रक्षा सुरक्षा कोर-प्लाटून की तैनाती नफरी पर थे ।

सिपाही सुखबीर सिंह अब अपने मूल गांव खण्डासा, गुड़गाव (हरियाणा) में वार्षिक छुट्टी पर थे तो उन्होंने देखा कि जयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कम्पनी के गोदाम की दीवार को तोड़कर कुछ चोर सामान चोरी कर रहे थे । उसने अपने चार भाइयों और एक पड़ौसी को जगाया और लाठियां लेकर वे सभी चोरी के स्थल पर पहुंच गए । ज्योंहि चोरों ने मारुती वेन में भाग निकलने की कोशिश की कम्पनी के गोदाम को चारों ओर से घेर लिया । अपराधी ने चाकू और रिवाल्वर तान ली और उन्होंने सिपाही सुखबीर सिंह और साथियों को दखलंदाजी न करने की चेतावनी दी । सुखबीर सिंह डरे नहीं और वैन के ड्राईवर को पकड़ लिया । हाथापाई के दौरान पीछे बैठे हुए दूसरे आदमी ने उन पर गोली चलाई इस सिपाही को छाती में गोली लगी और वे गंभीर रुप से घायल होकर जमीन पर गिर गए । अस्पताल को जाते हुए उन्होंने घाव के कारण दम तोड़ दिया । सिपाही सुखबीर सिंह ने अपनी सुरक्षा की जरा-सी भी परवाह न करते हुए अपराधियों से टक्कर लेते हुए वीरता का परिचय दिया और जिस सम्पति का उनसे कोई सम्बन्ध नहीं था उसको बचाने के लिए जीवन का बलिदान कर दिया ।

4. श्री निहाल चन्द बिशनोई, (मरणोपरांत)
बिकानेर,
राजस्थान ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 3 अक्तूबर, 1997)

दिनांक 3-10-1997 को कुछ शिकारी आधुनिक हथियारों सहित बिकानेर जिले के बाडनू गांव में पहुंचे और हिरनों का शिकार करना शुरू कर दिया । उन्होंने गोलियों से छः हिरनों को मार दिया । बन्दूक चलने की आवाज सुनकर श्री निहाल चन्द बिशनोई ने गांव वालों को इकट्ठा किया और शिकारियों को रोकने की कोशिश की । शिकारियों ने गांव वालों पर गोली चला दी । परन्तु श्री बिशनोई रूके नहीं और शिकारियों का पीछा करते रहे जिसमें उन्हें मारे हुए हिरनों को मौके पर ही छोड़ कर भागना पड़ा । उन्होंने श्री बिशनोई पर भी गोलियां चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । थोड़ी देर बाद श्री बिशनोई ने घावों के कारण दम तोड़ दिया ।

इस प्रकार श्री निहाल चन्द बिशनोई ने वन्य जीवों को शिकारियों से बचाने की बिशनोई परम्परा को बनाए रखते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

5. (2688630) लांस नायक जयबीर सिंह,
15 ग्रेनेडियर्स ।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 जनवरी, 1998)

6 जनवरी, 1998 को लांस नायक जयबीर सिंह, गांव गान्टा, तहसील-पाओनी, जम्मू कश्मीर के जंगल में

उग्रवादियों को छुपने के स्थान से निकाल बाहर करने के काम में लगी प्लाटून के 2 नम्बर स्काऊंट थे ।

जब इस प्लाटून पर उग्रवादियों ने ऊंचे स्थान से हमला कर दिया और सभी की जान खतरे में पड़ गई तो स्थिति की गम्भीरता को भांपते हुए लांस नायक जयबीर सिंह ने स्काऊट नं० 1 को गोली चलाने की स्थिति में जाने के लिए प्रेरित किया जिसके बुलेट-प्रूफ पटके पर बाद में गोलियां लगीं । भयानक गोली बारी में अकेले, फंसे हुए लांस नायक जयबीर सिंह व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति पूर्णतया बेपरवाह आगे बढ़े और उग्रवादियों से उलझ पड़े परिणामस्वरूप उग्रवादियों को वह जगह छोड़नी पड़ी । अवसर का लाभ उठाते हुए लांस नायक जयबीर सिंह ने एक उग्रवादी को गोली मार कर खत्म कर दिया । जवाबी गोलीबारी में उसके कमर और टांगों पर गोलियां लगी और 6 जनवरी, 1998 को घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए । लांस नायक जयबीर सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में सैनिकोचित आचरण, निस्वार्थ बलिदान तथा अदम्य व्यक्तिगत साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया ।

6. मेजर इन्दरजीत सिंह (आई०सी०–48640)
34 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 3 फरवरी, 1998)

मेजर इन्दरजीत सिंह अपनी कंपनी के साथ 03 फरवरी 1998 की आधी रात में जम्मू कश्मीर में बड़गाम जिले के चक दीवान लक्ष्मनदास गांव की घेराबन्दी के लिए पहुंचे ।

उन्हें तलाशी के दौरान आतंकवादियों के एक भूमिगत बंकर का पता चला । बंकर की तलाशी कर रहे इस खोजी दल पर आतंकवादियों ने अंधाधुन्ध गोलीबारी आरंभ कर दी। उनकी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना आपने वहां स्थित सभी मकानों पर तुरन्त घेरा डाल दिया ताकि कोई भी आतंकवादी भाग न सके। दोपहर में 1.30 बजे एक आतंकवादी ने गोलियों की भीषण बौछार करते हुए भागने किया । आपने अपनी जान जोखिम में डालते हुए तत्काल उसे धर दबोचा और बिल्कुल नजदीक से गोली दागकर उसे वहीं मार गिराया ।

शाम को 6 बजे एक अन्य मकान में एक अन्य आतंकवादी पर जवानों की नजर पड़ी तो उसने इस खोजी दल पर अत्याधुनिक ग्रेनेड लांचर और स्वचालित राइफल से गोलीबारी आरंभ कर दी । आपने उस आतंकवादी को वहां से निकल भागने की कोशिश और रात के गहराते अंधकार को भांपते हुए कर्तव्य से बढ़कर साहस का परिचय दिया और बिना गोलीबारी की चिंता करते हुए अकेले उस मकान के निकट जा पहुंचे । मकान के भीतर छिपे आतंकवादी की स्थिति का सही अंदाजा लगाते हुए आपने दरवाजे पर एक ठोकर जमाई जिससे दरवाजा खुल गया और अगले ही क्षण आपने स्वयं को जोखिम में डालते हुए सीधा उस आतंकवादी का एक ही गोली में काम तमाम कर डाला ।

इस प्रकार मेजर इन्दर जीत सिंह ने बड़ी बहादुरी से अपनी कंपनी का नेतृत्व करते हुए उपर्युक्त कार्रवाई को तर्कसंगत व सफल परिणति तक पहुंचाया ।

7. मेजर सैयद अली उस्मान (आई०सी०–46931)
8 असम रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 फरवरी, 1998)

असम में गोहपुर के उत्तर में बोडो बहुल क्षेत्र के कुवाड़ीगुड़ी गांव में कुछ मकानों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना के आधार पर मेजर सैयद अली उस्मान 20 फरवरी 1998 को सर्वाधिक दुर्गम रास्ते से होते हुए वहां पहुंचने की योजना बनाई ताकि वे चुपचाप छिपते छिपाते सुरक्षित वहां तक पहुंच जाएं और आतंकवादियों को इस बात की भनक भी न लगे ।

जैसे ही उनका दल संदिग्ध मकान की ओर बढ़ा, मेजर सैयद अली उस्मान ने अपने दल को आदेश दिया कि वे भागकर सभी मकानों को घेर लें। जब घेराबन्दी की जा रही थी तभी आतंकवादियों ने इस दल पर गोलीबारी आरंभ कर दी और वहां से निकल भागने का प्रयास किया । आतंकवादियों को भागता देखकर आपने ए०के०–47 राइफल से हिप पोजीशन से निशाना लगाते हुए उनमें से एक को वहां मार गिराया । उसके बाद की कार्रवाइयों में एक अन्य खुर्दान्त आतंकवादी का काम तमाम कर दिया गया और हथियार व गोलीबारूद बरामद किए गए ।

मेजर सैयद अली उस्मान ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा का परवाह न करते हुए अतुलनीय वीरता अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया ।

9. 4177952 नायक उर्वा दत्त, 3 कुमाऊं
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 फरवरी, 1998)

23 फरवरी, 1998 को पक्की सूचना मिली थी कि जिन आतंकवादियों को अति विशिष्ट व्यक्तियों के मोटर काफिले के मार्ग पर विस्फोटक सामग्री रखने का काम सौंपा गया है वे जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर जिले के सलूरा नामक गांव में छिपे हुए हैं ।

रात के लगभग 9 बजे सलूरा सोफी मोहल्ले के चारों ओर घेरा डाल दिया गया । इस कड़ी घेराबन्दी के कारण वहां से निकल पाना संभव नहीं था । इसलिए राष्ट्र विरोधी तत्व अपनी योजनानुसार मार्ग में विस्फोटक सामग्री नहीं बिछा सके । अगली सुबह लगभग 11 बजे

मोहल्ले के अंतिम घर की तलाशी लेते हुए नायक ऊर्बा दत्त को छत के ऊपर रखे सूखी घास के ढेर में कुछ हलचल दिखाई दी। उन्होंने उस ढेर पर गोली चला दी किंतु राष्ट्रविरोधी तत्व नाले में कूदकर मंबल के जंगल की ओर निकल भागे।

नायक ऊर्बा दत्त ने तुरन्त आगे बढ़कर कमर तक गहरे पानी वाले नाले में छलांग लगा दी और भाग रहे राष्ट्र विरोधी तत्वों का बड़ी निर्भीकता से पीछा जब किया जो कि अंधाधुन्ध गोलियां बरसा रहे थे। जब नायक ऊर्बा दत्त आतंकवादियों से लगभग दस मीटर दूर थे तो आतंकवादियों ने पेड़ों के पीछे छिपकर उन पर गोलियां चला दीं। उनके जख्मों से अत्याधिक खून बहने के बावजूद अपनी जान को खतरे में डालकर उन्होंने आतंकवादियों पर धावा बोल दिया और उनमें से एक को मार गिराया तथा दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। किंतु वह पराक्रमी सैनिक भी अपने जख्मों के कारण 24 फरवरी, 1998 को वीरगति को प्राप्त हुआ।

नायक ऊर्बा दत्त ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया और भारतीय सेना की उच्चतम परंपराओं का निर्वाह करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान किया।

9. 8026254 नायक राम सिंह, पायनियर कोर
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 04 मार्च, 1998)

नायक राम सिंह अस्थायी ड्यूटी पूरी कर 04 मार्च, 1998 को ब्रह्मपुत्र मेल से लौट रहे थे। जब गाड़ी मालदा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो कुछ बदमाश लोग गाड़ी चढ़ गए और बंदूक की नोक पर यात्रियों को लूटना आरंभ कर दिया।

एक सच्चे सिपाही होने के नाते नायक राम सिंह यह सहन नहीं कर सके और अपने सहयात्रियों को बचाने के लिए उन्होंने उन 5/6 लुटेरों को ललकारा। वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए बड़ी बहादुरी से उन लुटेरों में उलझ पड़े।

लुटेरों के मुकाबले अकेले होने के बावजूद उन्होंने उनका सामना किया जबकि उनके सभी सहयात्री चुपचाप खड़े तमाशा देखते रहे और कोई भी उनकी मदद को आगे नहीं बढ़ा। लुटेरों ने उनपर दो बार गोली चलाई किंतु गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद वे उनसे लड़ते रहे। उन्हें निर्भीकता से लुटेरों से लड़ता देखकर टिकट निरीक्षक ने भी हिम्मत जुटाई और डकैतों से लड़ने का प्रयास किया। वे दोनों मिलकर इकलाखी रेलवे स्टेशन पर लुटेरों को भागने में सफल हो गए। नायक राम सिंह को अस्पताल ले जाया गया जहां अपने जख्मों के कारण 16 मार्च, 1998 को वे वीरगति को प्राप्त हुए।

नायक राम सिंह ने दुर्दमनीय साहस का परिचय दिया और अपने सहयात्रियों की जान बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

10. मेजर संतोष प्रभाकर (आई०सी०-48157)
14 मराठा लाईट इन्फैंटरी
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 मार्च, 1998)

मेजर संतोष प्रभाकर को 20 मार्च, 1998 को पश्चिम त्रिपुरा के राथाबाड़ी गांव में कुछ विद्रोहियों के ठहरे होने की संभावना के बारे में सूचना मिली। मेजर प्रभाकर उन विद्रोहियों को पकड़ने के लिए एक दल के साथ चल पड़े।

रात के लगभग 9 बजकर 10 मिनट पर जैसे ही यह दल राथाबाड़ी गांव के निकट पहुंचा, विद्रोहियों ने उन पर तेज रोशनी फेंकी और साथ ही इस दल पर ए०के०-56 राइफलों तथा लाईट मशीन गनों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

मेजर संतोष प्रभाकर ने अपने दो जवानों को तेज रोशनी के घेरे से दूर धकेल दिया। इसी प्रयास में गोलियों की बौछार उनके कंधे पर पड़ी और वे पीछे की ओर लुढ़क गए। गंभीर रूप से घायल होने और अत्याधिक खून बह जाने के बावजूद उन्होंने शीघ्र ही अपनी हिम्मत बटोरी और विद्रोहियों पर गोलीबारी आरंभ कर दी। किन्तु तभी उन्हें लगा कि उनकी गोलीबारी कारगर नहीं हो रही है क्योंकि विद्रोही एक टीले के पीछे से गोलीबारी कर रहे थे।

खतरे को भांप कर और अपने दल की सुरक्षा के लिए मेजर संतोष प्रभाकर अपने जख्मों की परवाह न करते हुए गोलीबारी कर रहे विद्रोहियों पर टूट पड़े। लगभग 20 मीटर की इस दौड़ के दौरान उनके सीने और पेट में कई गोलियां आ लगीं किंतु वे गोलीबारी करते रहे और अत्यंत निकट जाकर एक विद्रोही को मार गिराया। इस कार्रवाई में उनका शरीर बुरी तरह से छलनी हो चुका था। अब वे दूसरे विद्रोही की तरफ मुड़े किंतु वहीं पर गिर पड़े और मृत विद्रोही से लगभग तीन मीटर आगे पड़े हुए पाए गए।

इस प्रकार मेजर संतोष प्रभाकर ने अत्याधिक वीरता और निःस्वार्थ भावना का परिचय दिया और अपने सभी जवानों की प्राण रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान किया।

11. मेजर सुगाता सेन (आई०सी०-51711)
14 असम रेजीमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 मार्च, 1998

26 मार्च को सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर एक पक्की सूचना मिली कि आतंकवादियों के कार्रवाई दल के कुछ

सदस्य असम में कोकराझार जिले के पाकिहागांव गांव में छिपे हुए है। इस सूचना के आधार पर "सी कंपनी के कमान अधिकारी मेजर सुगातो सेन ने तुरन्त ही स्थिति को समझते हुए इस अवसर का फायदा उठाने का निर्णय लिया।

मेजर सुगातो सेन ने दिन में ही आगे बढ़ते हुए छिपे हुए आतंकवादियों के स्थान को घेर लिया। पांच आतंकवादी एक झोंपड़ी से उनके दल पर गोलियां बरसाते हुए बाहर निकले। मेजर सुगातो सेन अपने दल को दो भागों में विभाजित होने का आदेश देते हुए दो ओर से उन दो आतंकवादियों की ओर बढ़े जो स्वचालित हथियारों से उन पर गोलियां बरसा रहे थे। आप ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए गोलियां चला दी जिससे एक आतंकवादी वहीं ढेर हो गया। तत्पश्चात आप अपने साथियों को सुरक्षा में गोलियां चलाते हुए उन्हें और आगे कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश देते रहे और प्रेरित करते रहे।

इस समस्त कार्रवाई के दौरान मेजर सुगातो सेन ने अपने दल का आगे रह कर नेतृत्व किया जिसके परिणामस्वरूप 5 दुर्दांत आतंकवादी मार गिराए गए और चार ए० के० 56 राइफलों सहित गोली बारूद बरामद हुआ।

मेजर सुगातो सेन ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए पराक्रम, सहयोगी भावना और कर्तव्य के प्रति समर्पण भाव का परिचय दिया।

12. कैप्टन गणेश सिंह भंडारी (आई०सी०-49135)
राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अप्रैल, 1998)

कैप्टन गणेश सिंह भंडारी, जो अपनी यूनिट के तैनाती वाले क्षेत्र और विद्रोही गतिविधियों के वाकिफ थे, ने नागालैंड में 07 अप्रैल, 1998 को कई साहसिक कार्रवाइयों का नेतृत्व किया। त्वरित कार्रवाई दल के एक सदस्य के रूप में उन्होंने एक मकान पर छापा मारा और वहां से गोली बारूद और कुछ आपत्तिजनक गोपनीय दस्तावेज बरामद किए। उसी दिन विरचना की यूनिटों द्वारा विद्रोहियों को पकड़ने के लिए कई कार्रवाइयां की गई जिनमें 14 संदिग्ध विद्रोहियों को पकड़ा गया। 08 अप्रैल, 1998 को पुनः आपने स्वयं ही चार दुर्दांत विद्रोहियों को पकड़ा। इसी तरह एक के बाद एक अविराम कार्रवाइयां करते हुए उन्होंने पकड़े गए विद्रोहियों से उगलवाई गई सूचनाओं के आधार पर 10 अप्रैल 1998 को जोखिमपूर्ण रास्तों से जाकर नागालैण्ड के भीतरी क्षेत्रों से चार दुर्दांत विद्रोहियों को पकड़ लिया।

15 अप्रैल की रात को आपने मोकोकचुंग में सशस्त्र विद्रोहियों के छिपे होने का पता लगा लिया। आप तुरंत एक त्वरित कार्रवाई दल को लेकर एक संदिग्ध मकान में घुस गए। जैसे ही उस मकान में छिपे बैठे एक विद्रोही ने अपनी भरी हुई राइफल उठाने का प्रयास किया, आप उस पर झपट पड़े और उसे दबोच लिया। इस कार्रवाई में आपने चार दुर्दांत विद्रोहियों को पकड़ा।

इस प्रकार कैप्टन गणेश सिंह भंडारी ने सच्ची बहादुरी, सैन्य युद्ध कौशल और कर्तव्य से बढ़कर सैन्य भावना का परिचय दिया।

13. 2596054 सिपाही एस० अलफोंस, 2 मद्रास
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 मई, 1998)

सिपाही एस० अलफोंस 15 मई, 1998 को 1.30 बजे अपराह्न आसाम के सिमलगुड़ी गांव में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गश्ती दल में भेजे गए थे। गांव में पहुंचने पर गश्ती दल पर भारी गोलीबारी शुरू हो गई। गश्ती दल ने जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

इसी बीच कुछ आतंकवादियों को भागते हुए देखा गया, सामने से आती गोलियों की बौछार के बावजूद सिपाही एस अलफोंस उनका पीछा करने में सबसे आगे रहे जैसे ही गश्ती दल नलबाड़ी गांव में पहुंचा इस दल पर, छाती तक ऊंची एलीफेंट घास वाली दलदली भूमि से, स्वचालित हथियारों और ग्रेनेडों से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। गश्ती दल की सामरिक तैनाती की गई और इसके बाद दो घंटे तक गोलीबारी चलती रही।

इस बात का अंदाजा लगाते हुए कि आतंकवादी बढ़ते हुए अंधेरे का लाभ उठाकर भाग सकते हैं सिपाही अलफोंस पूर्व की ओर से एक आतंकवादी की ओर बढ़े। इसके जवाब में उधर से गोलीबारी तथा ग्रेनेडों की बौछार होने लगी। अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए सिपाही एस० अलफोंस ने एक आतंकवादी पर धावा बोल दिया और उसे गोली मारकर खत्म कर दिया। यह देखकर कि दूसरा आतंकवादी उनकी टुकड़ी पर ग्रेनेड फेंकने वाला है सिपाही एस० अलफोंस ने खड़े होकर इस पर धावा बोल दिया। इससे आतंकवादी का ध्यान बंट गया और उसने ग्रेनेड सिपाही एस० अलफोंस पर फेंक दिया। इससे गंभीर रूप से घायल होने पर भी सिपाही एस० अलफोंस ने आतंकवादी को गोली चलाकर घायल कर दिया। इस बहादुर सिपाही की 15 मई, 1998 को घावों के कारण मृत्यु हो गई। इस कार्रवाई में पांच आतंकवादी मारे गए और भारी मात्रा में गोली बारूद उपकरण तथा राइफलें बरामद हुई।

इस प्रकार सिपाही एस० अलफोंस ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए साहस तथा दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया।

14. मेजर नीरज सूद (आई०सी०-53228), 6 कुमाऊं

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 मई, 1998)

मेजर नीरज सूद ने 17 मई, 1998 की रात्रि में एक घात टुकड़ी का नेतृत्व किया, उन्होंने आसाम के पुरानी भेर

नामक गांव के बाहरी ओर स्थित दो मकानों में बड़ी सटीक व्यूह रचना करके घात लगाई ।

दिनांक 18 मई, 1998 को लगभग 7.30 बजे प्रातः चौकसी करने वाले व्यक्ति ने मेजर नीरज सूद को बताया कि उस स्थान की ओर चार हथियार बंद आतंकवादी बढ़ रहे हैं । घात टुकड़ी ने उन्हें घात क्षेत्र में घुसने दिया और इसके बाद कार्रवाई शुरू कर दी । एक उग्रवादी उस स्थान पर मारा गया परंतु बाकी तीन आतंकवादियों ने पोजीशन लेकर स्वचलित हथियारों से तथा ग्रेनेडों से आक्रमण शुरू कर दिया ।

भारी गोलीबारी से घबराए बिना मेजर नीरज सूद स्वयं एक छोटी टुकड़ी को खुले स्थान पर लेकर पहुंचे और भागते हुए आतंकवादियों पर आक्रमण शुरू कर दिया । जब वे अपनी टुकड़ी को तैनात कर रहे थे एक आतंकवादी दौड़ता हुआ आया और मेजर नीरज सूद पर सीधी गोलीबारी करके भाग निकलने के लिए नजदीकी तालाब में कूद गया । मेजर नीरज सूद ने अपनी टुकड़ी को छिपने को कहा तथा अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए आतंकवादी को मार गिराया ।

इस प्रकार मेजर नीरज सूद ने इस प्रकार कठिन श्रम करके विश्वसनीय आसूचना तंत्र स्थापित किया तथा भारी गोलीबारी के सामने उत्कृष्ट सामरिक दक्षता के साथ ही उच्च कोटि के साक्षात और अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय दिया ।

15. कैप्टन सुखविंदर सिंह धालीवाल (आई सी–53530) 5/5 गोरखा राईफल्स—(फ्रन्टियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 1998)

कैप्टन सुखविंदर सिंह धालीवाल 22–5–1998 को मणीपुर के बिसनपुर जिले की खारडाक नदी के तट पर विद्रोहियों के छिपने के एक ठिकाने पर छापा डालने वाले दल के कमांडर थे ।

रात्रि के 12 बजकर 10 मिनट पर बस से उतरने के स्थान पर पहुंचने के बाद आप अपने दल को 5 कि० मी० के दलदल भरे रास्ते से लेकर लक्ष्य बिंदु तक पहुंचे । लक्ष्य के नजदीक पहुंच कर उन्होंने 51 मि० मी० मोर्टार टुकड़ी को सहायक गोलीबारी के लिए तैनात किया और एक दल को सहायक गोलीबारी तथा रास्ता रोकने के लिए पार्श्व में तैनात कर दिया ।

ठिकाने से कोई लगभग 30 मीटर पर पहुंचते ही कैप्टन सुखविंदर सिंह धालीवाल के दल पर ग्रेनेड लांचरों की भारी गोलीबारी शुरू हो गई । यह भांपते हुए कि थोड़ी देरी से भी विद्रोही भाग निकलेंगे, आपने "आयो गोरखाली" युद्ध नारे का उदघोष करते हुए इस ठिकाने पर आक्रमण कर दिया । आपने अकेले 2 विद्रोहियों को गोली से उड़ा दिया । इसके बाद आप इस ठिकाने के अंदर घुस गए । जैसे ही वे इसमें घुस रहे थे एक विद्रोही ए० के० 56 हाथ में लेकर उनके सामने आ खड़ा हुआ परंतु आपने शांत रहकर नजदीक से इस विद्रोही को गोली से उड़ा दिया ।

इसके बाद ठिकाने की तलाशी पर भारी मात्रा में हथियार गोलीबारूद तथा आपराधिक दस्तावेज बरामद हुए । इस छापे से विद्रोहियों के एक बड़े ठिकाने का सफाया हो गया ।

इस प्रकार कैप्टन सुखविंदर सिंह धालीवाल ने दृढ़ नेतृत्व, साहस तथा अत्यंत उच्च कोटि की वीरता का प्रदर्शन किया ।

16. (5452901) राइफलमैन अमर बहादुर गुरुंग, 5/5 गोरखा राइफल (एफ एफ) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 1998)

22 मई, 1998 को मणिपुर के बिशनपुर जिले की खोरडाक नदी के तटपर विद्रोहियों के छिपने के ठिकाने पर आक्रमण के दौरान राइफलमैन अमर बहादुर गुरुंग एक अधिकारी के सहयोगी थे ।

पांच किलोमीटर की दलदल भरी यात्रा को पूरी करके वे अपने लक्ष्य तक पहुंचे । छुपने के ठिकाने से कोई 30 मीटर दूरी पर वे छोटे स्वचालित हथियारों तथा ग्रेनेड लांचर की भारी गोलीबारी से घिर गए । कुछ मिनट बाद ही विद्रोहियों की ओर से अचानक गोलीबारी बंद हो गई ।

राइफलमैन अमर बहादुर गुरुंग अपने साथी के साथ युद्ध की ललकार (आयो गुरखाली) के साथ इस ठिकाने में घुस गए । बरामदे में तीन सशस्त्र विद्रोहियों ने उनको रोकने की कोशिश की ।

ठिकाने के आंगन में पहुंचने पर अधिकारी ने दो विद्रोहियों को मार गिराया । राईफलमैन अमर बहादुर गुरुंग ने जब देखा कि उनकी राइफल की मैगजीन खाली हो गई है तो उन्होंने तुरंत खुखरी निकाल ली और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक हथियारबंद विद्रोही पर हाथों से ही आक्रमण करके उसे मार गिराया । इसके बाद उन्होंने अपनी मैगजीन बदली और अपने अधिकारी के साथ ठिकाने के अंदर घुस गए ।

इस प्रकार राइफलमैन अमर बहादुर गुरुंग ने अत्यंत विकट परिस्थितियों और विद्रोही की सीधी गोलीबारी के बीच वीरता दिखाई ।

17. (3385328) हवलदार गुरमीत सिंह, 2 सिख ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 मई, 1998)

25 मई, 1998 को पक्की सूचना मिलने पर जम्मू और कश्मीर में राजौरी जिले के शालास गांव में उग्रवादियों की तलाशी और खात्मे का अभियान चलाया गया था । हवलदार गुरमीत सिंह इस अभियान में शामिल थे ।

बड़ी तेजी के साथ तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई । ललकारे जाने पर उग्रवादियों ने एक घर के अंदर से भारी गोलीबारी शुरु कर दी । जब अन्य सैनिक उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे हवलदार गुरमीत सिंह हवा में उड़ती गोलियों की परवाह किए बिना उस घर तक पहुंच गए और एक खिड़की से ए० के० 47 की गोलियों की बौछार करदी इस पर उग्रवादी घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे ।

उनके इरादों को भांपकर हवलदार गुरमीत सिंह तथा उनका एक साथी तुरत उस स्थान पर पहुंच गए और जैसे ही ये असामाजिक तत्व बाहर निकले हवलदार गुरमीत सिंह ने बिना अपने जीवन की परवाह किए हुए इन घबराए हुए असामाजिक तत्वों पर धुआंधार गोलीबारी कर दी । इसके बाद भयंकर संघर्ष शुरू हो गया जिसमें हवलदार गुरमीत सिंह ने अकेले ही दोनों उग्रवादियों को मार गिराया । इस संघर्ष के बाद 2 ए० के० 56 राइफलें, 1 रेडियो सेट और भारी मात्रा में गोली बारुद बरामद हुआ ।

इस प्रकार हवलदार गुरमीत सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादियों की गोलीबारी के समक्ष असाधारण वीरता दिखाई ।

18. (124204) राइफलमैन अशोक कुमार जेना,
12 असम राइफल ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 जून, 1998)

दिनांक 11 जून, 1999 को राइफलमैन अशोक कुमार जेना ने मणिपुर की विद्रोहग्रस्त इम्फाल घाटी में संयुक्त कार्यवाई में भाग लिया ।

राइफलमैन अशोक कुमार जेना उस दस्ते में शामिल थे जो एक जिप्सी में सवार विद्रोहियों को रोकने के लिए भेजा गया था । तीन दिन तक लगातार कार्रवाई में लगे रहने के बावजूद, राइफलमैन अशोक कुमार जेना ने दृढ़ इच्छा शक्ति और दक्षता से ऊंचे स्थानों को पार करते हुए एक दुष्कर भू-भाग पर अपने दस्ते का मार्ग निर्देशन किया ।

घटना स्थल पर पहुंचने पर राइफलमैन अशोक कुमार जेना घात हेतु बनाए गए आरक्षित दल में शामिल हुए । लगभग 7.00 बजे सांय नेज रफ्तार से आती हुई एक जिप्सी घात-स्थल के बीच कीचड़ में फंस गई और उसमें सवार लोगों ने बाहर कूदकर गोलीबारी शुरू कर दी ।

भारी गोलीबारी से विचलित हुए बिना राइफल मैन अशोक कुमार जेना ने भागते हुए विद्रोहियों पर भयंकर आक्रमण किया और उनके निकट पहुंचकर उन्हें मार गिराया । इस विशिष्ट संक्रिया के परिणामस्वरुप सात कट्टर विद्रोही मारे गए और शस्त्र एवं गोला बारुद बरामद हुआ ।

इस प्रकार राइफलमैन अशोक कुमार जेना ने विद्रोहियों की भारी गोलीबारी के बीच कर्तव्य से बढ़कर बेजोड़ बहादुरी के बेजोड़ कारनामों से युद्धक भावना का परिचय दिया ।

19. सहायक कमांडेंट वजीर सिंह,
(ए आर–196),
12 असम राइफल ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख . 13 जून, 1998)

सहायक कमांडेंट वजीर सिंह उस यूनिट के कम्पनी कमांडर है जो मणिपुर में इंफाल के अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में विद्रोही गतिविधियों से लड़ रही है । इस हृष्ट-पुष्ट और अत्यंत उत्साही अफसर ने विद्रोहियों के साथ अनेक मुकाबलों में उत्कृष्ट योधी नेतृत्व का प्रदर्शन करके अपने एक भी सैनिक की जान गवांए बिना हमेशा विजय प्राप्त की ।

13 जून, 1998 को खतरनाक पर्वतों में 72 घटों की तलाशी संक्रियाओं के बाद इलैक्ट्रानिक इंटरसेप्टर से इम्फाल में पुखाव–सैगोलमांग सड़क पर विद्रोहियों के होने का पता चला । सहायक कमांडेंट वजीर सिंह ने कुशलता से घात लगाई । शीघ्र चेतावनी प्रणाली और सबसे आगे चलकर अगुवाई करने से उनके सैनिक डटे रहने के लिए प्रेरित हुए ।

एक जिप्सी तेजी से आई और घात स्थल के बीच से मुड़ने की कोशिश की जबकि इसमें बैठे व्यक्तियों ने इसमें से कूद कर गोलीबारी शुरु कर दी । दोनों तरफ भारी गोलीबारी हुई और विद्रोहियों ने भाग निकलने की कोशिश की परंतु नाकाम रहे । अपने जीवन के लिए भारी खतरे की परवाह न करते हुए सहायक कमांडेंट वजीर सिंह ने शत्रुओं पर निर्णायक प्रहार करते हुए घातक गोलीबारी शुरु कर दी । इसके परिणामस्वरुप इस संक्रिया में सभी सात आतंकवादी मारे गए और भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र-गोलाबारुद और उपस्कर बरामद किए गए ।

इस प्रकार सहायक कमांडेंट वजीर सिंह ने कर्तव्य से आगे बढ़कर असाधारण वीरता और शत्रु की भारी गोलीबारी के सामने उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया ।

20. 9422500 पैराटूपर लाल बहादुर तमंग, 9 पैरा
(विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 जून, 1998)।

14–17 जून, 1998 को पैराटूपर लाल बहादुर तमंग जम्मू-कश्मीर में हैफ्ड जंगलों में चलाई संक्रिया के दौरान पांच व्यक्तियों की एक स्क्वाड में अग्रणी स्काउट थे । इस स्क्वाड को इस क्षेत्र में 72 घंटे तलाशी लेने तथा नष्ट करने का कार्य सौंपा गया था ।.

जंगल में दो दिन बिताने के बाद 16 जून, 1998 को पैराट्रूपर लालबहादुर तमंग को कुछ चिन्ह मिले और अगले तीन घंटों से अधिक समय तक आतंकवादियों को खोज का सावधानी से पीछा किया। लगभग 2.00 बजे दोपहर वे जंगल में आतंकवादियों के छिपने के गुप्त ठिकाने के 60 मीटर के भीतर स्काउट को लेकर पहुंचे। अपनी टुकड़ी को छुपकर सहायक गोलाबारी का निर्देश देकर आप चुपचाप निगरानी के लिएआगे बढ़े। अगले दो घंटों में ये एक अफसर के साथ दो शस्त्रधारी आतंकवादियों को छिपने का गुप्त ठिकाना बताते हुए देखते रहे।

लगभग 4.00 बजे सायं आतंकवादी बाहर निकलने की तैयारी कर रहे थे ये चुपके से आतंकवादियों के समीप 8 मीटर की दूरी तक पहुंच गए। जब अधिकारी ने हथगोला फेंका तो दो आतंकवादी गोलाबारी करते हुए बाहर आए। पैराट्रूपर लाल बहादुर तमंग ने बिजली की तेजी से अपनी खुकरी से आतंकवादियों पर धावा बोला और इस तेजी से दोनों आतंकवादियों से सिर काट डाले।

इस प्रकार पैराट्रूपर लाल बहादुर तमंग ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए साहस, युद्ध कौशल और बिरली सहयोगी भावना का परिचय दिया।

